# महंगे शौक पूरे करने के लिए ले ली व्यापारी के बेटे की जान

## किशोर की अपहरण के बाद हत्या के मामले में बाल अपचारी सहित तीन छात्र गिरफ्तार, परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** रैपुरा में व्यापारी के पुत्र की जान उसके दोस्त ने ली थी। अपहरण और हत्या की इस वारदात में उसका साथ उसकी ही बिरादरी के तीन अन्य लोगों ने दिया। पुलिस ने वारदात की जानकारी मिलने के लगभग छह घंटे में घटना के सूत्रधार आरोपी अपचारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी छात्रों ने स्कार्पियो और शानदार जीवन जीने की चाह में किशोर की हत्या कर दी।



फाइल फोटो।

रैपुरा में कॉलोनी निवासी राजधर कोटार्य व्यापारी हैं। उनका 16 वर्षीय बेटा सुधांशु, जो एपीएस में कक्षा सात का छात्र था, दो दिन पहले से घर से गायब था। राजधर ने बताया कि सोमवार की सुबह अपहर्ताओं का उनके पास फोन आया कि सुधांशु उनके पास है। पचास लाख की फिरौती भी मांगी। कानपुर में होने की वजह से उन्होंने पत्नी मंजू देवी को यह बताया तो मंजू ने थाना पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने नंबर को ट्रेस किया और कुछ लोगों को पकड़ा भी पर तब तक देर हो चुकी थी। देर शाम अपहृत किशोर का शव कर्वी कोतवाली अंतर्गत देवांगना घाटी से सटे गढ़ीवा के जंगल में बरामद हो गया। किशोर की हत्या मफलर से गला कसकर की गई थी और पत्थर से कूंचा गया था। एसपी अरुण कुमार सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, राजापुर निष्ठा उपाध्याय आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष रैपुरा, प्रभारी निरीक्षक कर्वी और एसओजी-सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की। पुलिस ने छह घंटे के अंदर बाल अपचारी निवासी जिला चित्रकूट, विनय कुमार पुत्र रामसागर पटेल निवासी ग्राम बरौनी थाना बहिलपुरवा, प्रिंस पटेल पुत्र राजकरन निवासी चौखड़ा ददरी माफी थाना बहिलपुरवा को कर्वी में चमड़ा मंडी से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को एसपी ने प्रेसवार्ता करके पूरे मामले की जानकारी दी। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी और राजापुर सीओ निष्ठा उपाध्याय भी मौजूद रहीं। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने अपहृत को विनय के कमरे में रखा था। सोमवार को ये लोग घूमने के बहाने देवांगना घाटी पहुंचे थे और वहीं किशोर की बात पिता से कराई गई थी। सुधांशु के यह कहने पर कि वह सबकुछ बता देगा, फंस जाने के डर से उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने अपहर्ताओं के पास से मृतक का मोबाइल, उसकी रुद्राक्ष की माला, हवाई चप्पल, एक दो सिम वाला मोबाइल, एक पत्थर खून लगा, गला कसने में प्रयुक्त मफलर बरामद किया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लग्जरी गाड़ियां और शानदार जिंदगी जीने की चाहत की वजह से उन्होंने यह वारदात की। दुखद यह कि सभी छात्र हैं। एक आरोपी ज्ञान भारती स्कूल का है तो एक सीआईसी का छात्र है। एक पढ़ाई छोड़ चुका है। एसपी ने बताया कि घटना का सूत्रधार बाल अपचारी था और उसके कहने पर अन्य साथी भी इस साजिश में शामिल हो गए। लक्जरी लाइफ जीने की चाह में इन लोगों ने अपनी जिंदगी बरबाद कर ली।



रोती-बिलखती युवक की मां, बहन व अन्य परिजन। फोटो : अमृत विचार

### व्यापार की वजह से हुई गलतफहमी

मृतक के दादा मुन्नीलाल ने बताया कि उनके भाई के पास गुटखा, वाशिंग पाउडर और नमकीन की कंपनियों की एजेंसी है। आरोपियों में से अपचारी उसके भतीजे सुधांशु का दोस्त था। वह घर आताजाता था और उसने व्यापार की वजह से अनुमान लगाया होगा कि वह बहुत धनाढ्य है और इसी वजह से अन्य लोगों के साथ उसने अपहरण की साजिश रच ली।

### पार्टी में कहकर ले गया

पिता राजधर ने बताया कि वह व्यापार के सिलसिले में अक्सर कानपुर आते-जाते हैं। सोमवार को भी वह कानपुर गए थे। बस में थे, तभी सुबह 9:20 बजे मोबाइल पर अपहर्ताओं का फोन आया। तब पता चला कि बेटे का अपहरण हो गया है। चार मिनट 33 सेकेंड की बातचीत में अपहर्ताओं ने पचास लाख की फिरौती मांगी। बताया कि आरोपी उसके बेटे को शनिवार की शाम पार्टी में चलने को कहकर लिवा ले गया था।

### अपहर्ताओं का तीसरी बार नहीं आया फोन

राजधर ने बताया कि उनके मोबाइल पर दूसरी बार अपहर्ताओं ने सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर फोन किया। इसमें धमकी दी कि किसी को बताया तो तुम्हारा बेटा जीवित नहीं बचेगा। बताया कि फिरौती नगद लेंगे और इसे बेड़ी पुलिया में दे जाना। राजधर ने बताया कि पर अपहर्ताओं का तीसरा फोन नहीं आया और शाम को पुलिस ने उसके बेटे के शव मिलने की सूचना दी।

**इस तरह से हो रही थी बातचीत**

किशोर के पिता के मोबाइल पर आई कॉल में बातचीत तरह रही ..और कौन है तुम्हारे पास...। बताएं। अकेले में जाओ थोड़ा। तुम्हारा लड़का कब से गायब है...। शनिवार से। पता करने की कोशिश नहीं की...। अक्सर गायब रहता है, जानकारी नहीं की, बताएं।...तुम्हारा लड़का किडनैप हो चुका है।...कहां है। तुमसे क्या मतलब। क्या करना है बताओ...।...50 लाख। किसी को बताने की कोशिश की तो जिंदा नहीं बचेगा। दूसरी बार 10:42 बजे फिर फोन आया। हेलो। हां बोलो। इधर-उधर फैला रहे हो। क्या। मैं कहां फैला रहा हूं। कहां हो। अस्पताल जानकीकुंड में, छोटे लड़के का एक्सीडेंट हो गया है। रुपये ले के आओ। कहां। बेड़ी पुलिया...।



पिता राजधर।



दादा मुन्नीलाल।



पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। फोटो : अमृत विचार

### नौसिखिया अपराधियों का कृत्य

मोबाइल में बातचीत सुनने से साफ है कि पूरी वारदात को नौसिखिया अपराधियों ने अंजाम दिया। बातचीत का लहजा और धीरे बोलना भी पेशेवर अपराधियों की बेधड़क बातचीत के अंदाज से अलग था। राजधर का कहना था कि ये आरोपी इतने शातिर नहीं कि इस तरह की वारदात कर सकें। जरूर इसमें किसी का हाथ है। उसने गंभीरता से जांच कराने का अनुरोध किया।

### अपहर्ताओं ने बेटे से भी कराई बात

अपहर्ताओं ने बेटे की राजधर से बात भी कराई। राजधर ने पूछा कि कहां हो, तो सुधांशु ने कहा, पता नहीं। जब पूछा गया कि किसके साथ हो तो उसका कहना था कि पता नहीं पर ये लोग उसे पकड़ लाए और मारपीट भी कर रहे हैं। यह भी बताया कि ये लोग उसे बोड़ी पोखरी से पकड़ लाए थे। इससे साफ था कि अपहर्ताओं ने उसकी आंखों में पट्टी बांध रखी थी, जिससे वे पहचान न लें।

### फिर 12 फरवरी का दिन बना काल

एक बार फिर 12 फरवरी का दिन काल बन गया। 2019 को चित्रकूट तीर्थक्षेत्र के तेल व्यापारी बृजेश रावत के जुड़वां बच्चों श्रेयांश और प्रियांश को फिरौती के बाद जान से मारकर नदी में फेंकने की वारदात हुई थी। यह भी सोचनीय है कि जिस दस्सा के खिलाफ चित्रकूट के नयागांव थाना में जुड़वा बच्चों की हत्या का मामला दर्ज हुआ था, इस वारदात में भी उसका नाम सामने आ रहा है।



घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### सिम ने खोल दिया राज

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया। उससे इसके धारक का विवरण सर्विस प्रोवाइडर कंपनी की मदद से लिया गया। सिमधारक दद्दू पटेल से पूछा गया तो उसने दो दिन पहले सिम की चोरी की जानकारी दी। दद्दू को जब फोन करने वाले अपचारी की आवाज सुनवाई तो उसने उसे पहचान लिया। उसे पकड़ने के बाद पुलिस लोकेशन, सीडीआर के माध्यम से पुलिस अन्य अपहर्ताओं तक पहुंच गई। आरोपियों ने बताया कि सिम चुराने का आइडिया उन लोगों को दस्सा नाम के एक व्यक्ति ने दिया था।

### अक्सर चला जाता था सुधांशु

राजधर ने बताया कि सुधांशु अक्सर घर से घूमने चला जाता था। कई बार दो-तीन दिन बाद लौटता था। एक बार सूरत भी चला गया था। ऐसे में उन लोगों ने सोचा कि वह फिर कहीं गया होगा। पर क्या पता था कि इस बार उसका अपहरण हुआ है।

### कैश लेकर आने को कहा

अपहर्ताओं ने अपनी ओर से सतर्कता बरती पर सिम ने उनका राजफाश कर दिया। राजधर ने बताया कि जब उसने अपहर्ताओं से कहा कि इतना रुपया उसके पास नहीं है और एकाउंट नंबर बता दो तो कहा गया कि नहीं पूरा कैश चाहिए। एकाउंट नंबर न बताने के पीछे इनको आशंका यही रही होगी कि कहीं इतना बड़ा अमाउंट आने से खाता ट्रेस न हो जाए।

### पकड़े जाने के डर से की हत्या

आरोपियों में से एक को सुधांशु ने पहचान लिया था। आरोपियों ने कुबूला कि सुधांशु ने धमकी दी थी कि जब छूटूंगा तो तुम लोगों को पकड़वा दूंगा। पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर दी।

### मां बोली-कई दिन से लगे थे

मृतक की मां मंजू देवी ने बताया कि आरोपी उसके बेटे के अपहरण के लिए कई दिन से लगे थे। मौका नहीं मिल पा रहा था। शनिवार को उसके बेटे को पार्टी के नाम पर ले गए।

### एसपी ने किया संयुक्त टीम को पुरस्कृत

कुछ ही घंटे में आरोपियों को सींखचों को भेजने पर टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये देने की घोषणा की। पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार, साकिर हुसैन, नितेश समाधिया, आरक्षी रोशन सिंह, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत, एसओ रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पांडेय, आरक्षी नंदलाल राम, अजीत यादव शामिल रहे।

### मां और छात्र के परिजनों का हाल बेहाल

बड़े बेटे की मौत से मां मंजू देवी का हाल बेहाल है। उसके सुधांशु के अलावा तीन बच्चे शिवानी (12), हिमांशु (8) और सुहाना (3) हैं। सुधांशु की मौत से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया।

---

**एक नजर**

### जिलाधिकारी ने खेलकूद सामग्री का किया वितरण

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को पिरामल संस्था के सहयोग से 100 स्कूलों के लिए खेलकूद सामग्री का सांकेतिक वितरण किया। बीएसए ने डीएम को तुलसी का पौधा भेंट किया।

### सम्मान समारोह आज

**चित्रकूट, अमृत विचार :** डूडा द्वारा गठित कराए गए स्वयं सहायता समूहों में काम करने वाली महिलाओं को 14 फरवरी अपराह्न दो बजे टाउन हॉल में सम्मानित किया जाएगा। अपर उप जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक डूडा पंकज वर्मा ने यह जानकारी दी।

### मौसम की वजह से रोजगार मेला स्थगित

**चित्रकूट, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन खराब मौसम की वजह से यह स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चित्रकूट ने दी। बताया कि उक्त रोजगार मेले अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिए गए हैं।

### किसानों को दिखाई उन्नतशील खेती

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने मंगलवार को औद्यानिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों के क्षेत्र को अन्य किसानों को दिखाने के लिए भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया कि इनको बोझ फार्महाउस में वैज्ञानिक ढंग से हो रही पपीते की खेती, सेब, बेर, अमरूद, मुसम्मी, टमाटर, मिर्च की खेती दिखाई गई। बरगढ़ के पास उसरी माफी में स्ट्रॉबेरी भी किसानों को दिखाई। साथ ही उन्हें कई जानकारियां भी दी गई।

# 15 केंद्रों में 17-18 को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक कर संबंधित अधिकारियों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जिले में इसके लिए 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

डीएम ने सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों अधिकारियों से कहा कि 17 एवं 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। इसमें सात सेक्टर, 23 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, तीन उड़नदस्ता टीम लगाई गई हैं। सबसे अधिक परीक्षार्थी चित्रकूट इंटर कॉलेज में हैं। डीएम ने सीसीटीवी कैमरा, डबल लाक में प्रश्नपत्र रखवाने, केंद्रों में पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर आदि की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के आने जाने के लिए वाहन आदि के संबंध में निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। परीक्षा केंद्र के अंदर अगर कोई बात होती है तो उसके जिम्मेदार केंद्र व्यवस्थापक होंगे। केंद्र के गेट के पास अगर कोई समस्या आती है तो संबंधित पुलिस अधिकारी एवं उसके बाहर अगर कोई समस्या आती है तो संबंधित थानाध्यक्ष जिम्मेदार होगा। एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने डीआईओएस को अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि केंद्रों के आसपास फोटोकॉपी मशीन की दुकान नहीं खुली रहनी चाहिए। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने शासन के निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, एएसडीएम पंकज वर्मा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह आदि अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक और सह केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य अधिकारी।

### वेयरहाउस और स्ट्रांग रूम का किया मुआयना

**चित्रकूट, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में वेयरहाउस व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी जिम्मेदारी से करने को कहा। निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि चुनाव की तैयारियां समय पर पूरी करें। इस मौके पर उप जिलाधिकारी नमामि गंगे उमेश कुमार निगम, न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अपना दल एस विनोद पटेल, नगर अध्यक्ष आप प्रमोद कुमार सोनी, सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अमर सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरिओम करवरिया आदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नवजात को झाड़ियों में फेंका

**मानिकपुर, अमृत विचार:** सरैया चौकी अंतर्गत राजापुर-सरैया मार्ग के किनारे बीते दिन वन विभाग की नर्सरी की झाड़ियों में खून से लथपथ नवजात शिशु मिला। चंद्रामारा निवासी एक महिला शिशु को अपने साथ ले गई। उसने चौकी प्रभारी सरैया को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिशु को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया।

### अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार :** एसआई इंद्रजीत गौतम ने वारंटी आरोपी त्रियोगी नारायण पुत्र चंद्रमा तिवारी निवासी मऊ को गिरफ्तार किया। एसआई गंगाचरण ने वारंटी श्यामलाल गुप्ता उर्फ मुन्नीलाल पुत्र गुधई गुप्ता निवासी बरिया को पकड़ा।

# चित्रकूट को जियो पार्क की मिल सकती है मान्यता

**खुशखबरी**

- विशेषज्ञ समिति ने सर्वेक्षण किया, सरकारों को देगी रिपोर्ट

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** यूनेस्को के वैश्विक जियो पार्क के रूप में चित्रकूट को शामिल करने के लिए विशेषज्ञ समिति ने सर्वेक्षण किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व उप महानिदेशक एवं सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के सलाहकार डॉ. सतीश त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट में जियो पार्क के रूप में विकसित होने की संभावनाएं हैं।

बीते दिन आईआईटी कानपुर सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के विशेषज्ञ भूवैज्ञानिकों ने सांस्कृतिक विरासत स्थलों का दौरा किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व उप महानिदेशक एवं सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के सलाहकार डॉ. सतीश त्रिपाठी ने कहा कि चित्रकूट प्रसिद्ध आध्यात्मिक पर्यटन स्थल है लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह अंतर्राष्ट्रीय महत्व की भूवैज्ञानिक विरासत से भरा हुआ है। जानकी कुंड के पास मंदाकिनी नदी तल में पाए गए जीवाश्म पृथ्वी के पहले जीवन रूप हैं। 1600 मिलियन वर्ष पुराने इन नीले-हरे शैवाल जीवाश्मों ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करके पृथ्वी का पर्यावरण बदल दिया और ऑक्सीजन का उत्सर्जन कर इसे रहने योग्य बना दिया। वैज्ञानिकों डीएसएन कॉलेज उन्नाव के डॉ. अनिल साहू ने भी कहा कि चित्रकूट में भू-पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। टीम ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण किया और निष्कर्ष निकाला कि चित्रकूट क्षेत्र में ग्लोबल जियोपार्क के रूप में विकसित होने की क्षमता है और इसे यूनेस्को की मान्यता मिल सकती है। सेवायोजन अधिकारी डॉ. पीपी शर्मा एवं स्थानीय सहयोगी डॉ. अश्वनी अवस्थी ने भ्रमण में सहयोग किया। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र को यूनेस्को के ग्लोबल जियो पार्क की सूची में शामिल कराने के लिए वह उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों को रिपोर्ट सौंपेंगे।



चित्रकूट के क्षेत्रों का निरीक्षण करते विशेषज्ञ।

### क्या है जियो पार्क

गूगल से मिली जानकारी के आधार पर, जियो पार्क अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूविज्ञान वाला संरक्षित क्षेत्र है, जिसके सतत् विकास की मांग की जाती है और इसमें भू विज्ञान, पर्यटन, संरक्षण, शिक्षा और अनुसंधान शामिल है। यूनेस्को जियो पार्क के लिए एक मानक और इसके लिए आवेदन करने वाले क्षेत्रों को एक प्रमाणन सेवा प्रदान करता है।

**सार-संक्षेप**

### बिना बताए कनेक्शन काट दिया, अंधकार में परिवार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** गोला तालाब कुंजनपुरवा निवासी लक्ष्मनिया देवी पत्नी गुलाब ने उप खंड अधिकारी को पत्र भेजकर विभागीय कर्मचारियों द्वारा बिना बताए उसके घर का कनेक्शन काटने की जानकारी दी है। उसने आरोप लगाया कि विभाग उसको परेशान कर रहा है और नया कनेक्शन करने में हीलाहवाली की जा रही है। वृद्धा लक्ष्मनिया ने बताया कि उसने 20 जनवरी 23 को बिजली का बिल जमा किया था। इसके बाद से उसके घर में कोई रीडिंग लेने नहीं आया। इस पर उसने अगस्त में इस संबंध में प्रार्थनापत्र दिया। विभाग कार्यालय में पहुंचकर मौखिक रूप से भी इसकी जानकारी दी। सात फरवरी को उसे बताया गया कि इस नाम से दो कनेक्शन हैं, इसलिए उसे नया कनेक्शन लेना होगा। वृद्धा का कहना है कि इस पर उसने नए कनेक्शन के लिए अनुरोध किया। पर इसकी सुनवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि आठ फरवरी की दुपहर विभागीय कर्मचारी उसका कनेक्शन काट गए। तब से घर में अंधकार है। उसने कहा कि वह बीमार रहती है, घर में छोटे छोटे बच्चे हैं। उसने एसडीओ से अनुरोध किया है कि उसका नया कनेक्शन जल्द करा दिया जाए।

### बच्चों को ऐतिहासिक धरोहर की दी जानकारी



गणेश बाग के बारे में जानते बच्चे। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत मंगलवार को भी सीआईसी मैदान में हॉट एयर बैलून की उड़ान की गई। विद्यार्थियों को गणेश बाग में योगाभ्यास कराया गया और इस मौके पर पहले आने वाले 100 व्यक्तियों को बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की टी-शर्ट दी गई। उधर, महाविद्यालय और विद्यालयों को स्कूलों के विद्यार्थियों को हेरिटेज वॉक कराई गई। ऐतिहासिक धरोहर गणेश बाग के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। गुंता बांध में वाटर स्पोर्ट्स हुए।

### स्ट्रीट लाइट का किया लोकार्पण

**चित्रकूट, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ने अमानपुर से लेकर बेड़ी पुलिया तक नेशनल हाईवे के दोनों तरफ एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने इसका लोकार्पण किया। नरेंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार चित्रकूट के विकास के लिए संकल्पित है। इस मौके पर ईओ लालजी, संतोष सिंह राठौर, कर्मोत्तम सिंह, अशरफ खान, सभासद अनिल निषाद, शंकर आदि रहे।



स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण करते जनप्रतिनिधि।

# ओलावृष्टि और तेज बारिश ने खेतों में खड़ी फसल कर दी बर्बाद, किसान परेशान

**मौसम की मार**

- कर्वी, राजापुर क्षेत्रों के कई गांवों में देर रात हुई तेज बरसात, ओले भी गिरे

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रकृति ने एक बार फिर किसानों को दगा दिया। सोमवार रात जिला मुख्यालय सहित कई जगहों पर ओलावृष्टि हुई और तेज हवाओं के साथ पानी बरसा। इससे फसलों को तगड़ा नुकसान हुआ। कई जगहों पर तेज बरसात ने किसानों को चिंतित कर दिया।

एक-दो दिन पहले जहां बारिश ने किसानों को रबी की फसल के प्रति आश्वस्त किया था, वहीं किसानों ने यह भी आशंका जताई थी कि अगर बारिश का क्रम जारी रहा तो यह नुकसानदेह भी हो सकता है। वही हुआ। सोमवार को मौसम ने पल्टी खाई और रात में कर्वी, राजापुर क्षेत्रों में कई गांवों में तेज बारिश हुई। बे मौसमी बरसात से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई। रबी की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच गई। चना, मसूर, अरहर सरसों आदि असिंचित फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कर्वी मुख्यालय सहित कई गांवों में हुई ओलावृष्टि हुई है। प्रगतिशील किसान योगेश जैन ने कहा कि सुबह से मन विचलित है। चित्रकूट जिले के कई इलाकों से किसानों के नुकसान की खबर आ रही है। एक किसान ही दर्द को समझ सकता है। आशा जताई कि शासन पीड़ित किसानों को फसल बीमा का लाभ इनको शीघ्र देगा। भरतकूप संवाददाता के अनुसार, ग्राम अकबरपुर, हरिहरपुर, बंदरी, पहरा आदि ओलावृष्टि से प्रभावित हुए हैं। पहाड़ी संवाददाता के अनुसार, वहां भी बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। मऊ संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र में सोमवार देर रात हुई बारिश और ओले से फसलें प्रभावित हुई हैं। किसान सौरभ भार्गव ने कहा कि बरसात और ओले से पूरी फसल जमीन पर लेट गई है। अन्ना पशुओं से दिन रात फसलों की रखवाली करते हैं वहीं अचानक बरसात ने और परेशानी बढ़ा दी है। क्षेत्र के ही राममिलन वाजपेई, रामकृष्ण बाजपेई, सौरभ भार्गव, शारदा यादव, राममूरत यादव आदि किसानों ने गुहार लगाई कि फसलों के नुकसान का आकलन करके किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उधर, मंगलवार को भी आसमान में बादल छाए रहे, जिसने किसानों की परेशानी बढ़ा दी।





बारिश से बर्बाद हो गई फसल व सोमवार रात हुई ओलावृष्टि।

### किसान बोले-फूलों को ज्यादा नुकसान

छीबो के किसान कौशल किशोर शुक्ला का कहना है कि इस मौसमी बरसात से असिंचित क्षेत्र में फसल में काफी नुकसान हुआ है। फूल बरसात की वजह से गिर जाएंगे और फल बहुत कम लगेंगे जिससे फसल की पैदावार बहुत कम होगी। चिल्लीराकस के किसान हरिश्चंद्र पांडेय ने कहा कि सिंचित क्षेत्र में गेहूं को छोड़कर चना, मसूर, सरसों, अरहर के लिए यह बारिश काफी नुकसानदायक है। आशंका जताई कि मसूर में लासी लग जाने के कारण फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी और चना की फसल झौड़ जाएगी, फल नहीं लगेंगे। सरसों की फसल में काफी नुकसान हो रहा है। बरसात से आलू की फसल की पैदावार में पचास फीसदी का घाटा किसानों को हो सकता है।




हरिश्चंद्र पांडेय।



कौशल किशोर।

### कराएंगे सर्वे : एसडीएम

बेमौसमी बरसात पर उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने चिंता जताई। बताया कि बरसात और ओलावृष्टि को देखते हुए सभी लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे करके तुरंत रिपोर्ट दें, जिससे शासन की मंशानुरूप किसानों को अहेतुक सहायता दी जा सके।



## एक नजर

### छह अभ्यर्थी चयनित

**बांदा :** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रदीप अग्निहोत्री ने बताया है कि सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में प्रधानमंत्री प्रशिक्षु मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 25 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और इनमें से 6 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने हाईस्कूल एवं आईटीआई उत्तीर्ण हैं वे संस्थान परिसर में आयोजित होने वाले अप्रैन्टिस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं जिसका नियमानुसार मानदेय अधिष्ठान द्वारा दिया जाता है।

### करंट से दो झुलसे

**बांदा :** देहात कोतवाली क्षेत्र के करबई गांव निवासी फरीहा (9) पुत्री मोहम्मद यासीन मंगलवार की सुबह मोबाइल चार्जर निकाल रही थी, तभी उसका हाथ प्लग में छू गया। जिससे वह करंट से झुलस गई। इसी तरह बिसंडा थाना क्षेत्र के उमरेहड़ा गांव निवासी सबिता (18) पुत्री बिंदा प्रसाद मंगलवार की सुबह मोबाइल चार्ज करने के लिए बोर्ड में चार्जर लगा रही थी, तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा :** गिरवां थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी प्रिंसी (20) पुत्री बृजगोपाल ने सोमवार की शाम घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को पता चला। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तालाब में डूबा किसान, भर्ती

**बांदा :** तिंदवारी थाना क्षेत्र के जसईपुर गांव निवासी परसन (50) पुत्र बटुआ मंगलवार की सुबह घर के समीप स्थित तालाब से बाल्टी में पानी लेने गया था, तभी पानी भरते समय पैर फिसल जाने से वह तालाब में डूब गया। मौके पर पहुंचे घर वालो ने उसे तालाब से बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के कतरावल गांव निवासी दुर्गादीन (27) पुत्र शिवधनी मंगलवार की दोपहर अपने साथी अशोक (22) पुत्र किशोरा व कमलेश (21) पुत्र कल्लू के साथ बाइक में बैठकर शहर की तरफ आ आ रहे थे। तभी डिंगवाही गांव के पास पीछे से आ रही बस ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चोरों ने पार की नकदी

**बांदा :** सब्जी मंडी रोड पर स्थित एक सैनेटरी की दुकान में रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोर छत से प्लास्टिक की सटक बांधकर नीचे उतर गए और दुकान की गोलक में रखे 75 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार अंकुर गुप्ता ने शहर कोतवाली में दी गई तहरीर में यह भी बताया कि दुकान में तीन चांदी के सिक्के भी रखे थे। वह भी गायब हैं। चोरी की सारी फुटेज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई हैं।

### उर्स के दूसरे दिन उठा गागर जुलूस

**बांदा, अमृत विचार :** मिस्कीन शाह वारसी का 105वें तीन दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन मंगलवार को कई स्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर में कई जगह कव्वालियों की महफिल सजी। इस मौके पर कव्वालों ने अपने ताजातरीन कलाम सुनाए। मगरिब की नमाज़ के बाद गागर जुलूस उठाया गया, जो तयशुदा रास्तों से होता हुआ मिस्कीन शाह वारसी की दरगाह पर पहुंचा। यहां अकीदमंदों ने फातेहा पढ़ी। कल बुधवार को सारा दिन दरगाह पर मेला लगेगा। ईदगाह रोड स्थित मद्दू वारसी के आवास में ख़ानकाही कव्वालियों की महफ़िल सजी। अलीगंज स्थित स्व .सगीर हुसैन वारसी के आवास में कव्वालियां हुईं।

# परीक्षा में गलती क्षम्य नहीं, व्यक्तिगत रूप से तय होगी जवाबदेही

- डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को दिए निर्देश
- जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल कराने के निर्देश दिए। कहा कि शासन द्वारा निर्धारित नियम व शर्तों के अनुरूप ही परीक्षा कराएं। खबरदार किया कि किसी भी स्तर पर छोटी गलती अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में मंगलवार को डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने बैठक कर सभी जोनल, स्टेटिक, अतिरिक्त स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केंद्रों में फर्नीचर, पर्याप्त रोशनी की समुचित व्यवस्था, पेयजल, सीसीटीवी व सफाई तथा परीक्षार्थियों के मोबाइल फोन जमा करने के लिए कक्ष की विशेष व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी परीक्षार्थी मोबाइल फोन व इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर नहीं जाएगा। परीक्षा केंद्र के अंदर परीक्षार्थी मात्र तीन सामान्य पेन, पहचान पत्र और भर्ती संबंधी प्रवेश पत्र ही लेकर प्रवेश करें। परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे व अपराह्न 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी संचालित रहेंगे और सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध रहेंगे। यह परीक्षाएं जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी, जिनमें 5016 परीक्षार्थियों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। बैठक में एडीएम राजेश कुमार, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा, क्षेत्राधिकारी पुलिस, सभी एसडीएम, मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, केन्द्र व्यवस्थापक, जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षा केंद्रों में दुरुस्त रहें सीसीटीवी कैमरेः एसपी

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे चालू रहे और ड्यूटी में लगे कर्मचारी अपने परिचय पत्र के साथ तैनात रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट एक दिन पूर्व अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चेक करेंगे और इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ न रहने पाए।



बैठक लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## निपुण भारत मिशन अंतर्गत शिक्षक अपने विद्यालय 'ए' श्रेणी में लाएं: डीएम

- वामदेव सभागार में विद्यालयों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत एनएटी परीक्षा 2024 में सी, डी व ई ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यालयों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने विद्यालय को निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत ए श्रेणी में लायें। इसके लिए बेहतर शैक्षिक रणनीति तैयार करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के 1100 विद्यालय निपुण श्रेणी में आये हैं। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाकर विद्यालयों को ए श्रेणी में लाने के लिए आगामी मार्च में होने वाली परीक्षा में विद्यालयों को निपुण बनायें। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निर्देश दिये कि सी, डी एवं ई प्राप्त बच्चों के परिणाम के अनुसार चिन्हित कर उनकी पढाई करायी जाए तथा बच्चों की विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति रहे। उन्होंने टीचर लर्निंग मैटेरियल का बेहतर रूप से उपयोग करने एवं खेल गतिविधि से पढ़ाई कराये जाने तथा बच्चों के साथ लगावपूर्ण एवं आत्मीय व्यवहार अपनाने के सुझाव दिये। सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं शनिवार को बच्चों को पढ़ाये गये कोर्स का रिवीजन अवश्य कराया जाए। शिक्षक डायरी प्रत्येक बच्चे बनायी जाए और प्रथम घण्टा बच्चों के खेल के लिए रखने के साथ उन्हें अनुशासन में रहने की आदत डाली जाए। इसको और आगे तक ले जाने के लिए सभी अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापकों को विशेष ध्यान देते हुए अपने विद्यालय को निपुण बनाने में सभी बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को देखते हुए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निपुण मिशन के अन्तर्गत बच्चों के कोर्स की तैयारी करायी जाए। इसी के अनुरूप ही अध्यापकों की एसीआर लिखी जायेगी। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से शिक्षकों के द्वारा शिक्षण सम्बन्धी कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# बिजली चोरी में 17 उपभोक्ताओं पर लगा 6.50 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** एकमुश्त समाधान योजना खत्म होने के बाद भी जिन उपभोक्ताओं ने अपना बिजली का बिल जमा नहीं किया है, विभाग ने उन पर निगाह टेढ़ी करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। बड़े बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी कर वसूली की जा रही है। विभाग ने विद्युत वितरण खंड अंतर्गत बबेरू व मर्का में चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत चोरी के 17 मामले पकड़े। इनके खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज करवाकर 6.50 लाख रुपये राजस्व निर्धारित किया गया है।

मुख्य अभियंता आरएस माथुर ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को बिल में राहत के साथ विद्युत चोरी में समन शुल्क पर छूट देने के लिए विगत माह शासन द्वारा एकमुश्त समाधान योजना चलाई गई थी। इसके बाद भी तमाम बकायेदारों ने अपना बिल अदान नहीं किया। योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ वृहद अभियान शुरू कर दिया। विजिलेंस के साथ विभागीय अधिकारियों ने सोमवार और मंगलवार को विद्युत वितरण खंड अंतर्गत बबेरू एवं मर्का क्षेत्र में अभियान चलाकर विद्युत चोरी के 17 मामले पकड़े।

इन सभी के खिलाफ विभाग ने धारा-135 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया साथ ही इन पर 6.50 लाख रुपये राजस्व निर्धारित किया गया है। विभागीय टीम में विजिलेंस समेत विभाग के अधिकारियों में देवी प्रताप सिंह, एजाज रसूल व भूपेश कुमार शामिल रहे।



गांव में चेकिंग करने पहुंची बिजली विभाग की टीम। अमृत विचार

### दक्षता परीक्षण में शामिल होने को संपर्क करें श्रमिक

**बांदा :** 23 से लेकर 30 जनवरी के मध्य आईटीआई अलीगंज में इजराइल जाने के लिए इच्छुक श्रमिकों का दक्षता परीक्षण अयोजित किया गया था। इस परीक्षण में चयनित श्रमिकों की सूची जनपद के श्रम कार्यालय में उपलब्ध करा दी गयी है। दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिकों से अनुरोध किया गया है कि वे श्रम कार्यालय में संपर्क कर दो दिन के भीतर अपने पहचान पत्र के साथ अपना परिणाम ज्ञात कर लें, जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन एवं अन्य कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराई जा सके। जो श्रमिक जो इजराइल जाने के इच्छुक है और अभी तक श्रम विभाग कार्यालय में इजराइल जाने के संबंध में पंजीकरण नहीं कराया है, वे अपने पहचान पत्र के साथ अपने जनपद के श्रम कार्यालय में तत्काल संपर्क करें, जिससे उन्हें भरी फरवरी माह के अन्त में आईटीआई अलीगंज में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सके। पूर्व में दक्षता परीक्षण दे चुके श्रमिकों को किसी भी दशा में पुनः अवसर नहीं दिया जाएगा।

# बारिश के साथ ओलावृष्टि से हजारों बीघे की फसल चौपट

- मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने लगाया जाम
- आश्वासन पर किसानों ने पूरे एक घंटे बाद खोला जाम

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गईं। फसलों की बर्बादी से बेहाल किसानों ने बांदा-कालिंजर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। बाद में स्थानीय प्रशासन द्वारा मदद के आश्वासन पर एक घण्टे घंटे बाद किसान मान गए और जाम खोल दिया। सोमवार को आधी रात के बाद कालिंजर और करतल क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में वर्षा के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई।

जिससे किसानों की सरसों, मटर, चना, मसूर, गेंहू आदि की फसलें खेतों में ही टूटकर पसर गईं। सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचे तो बर्बादी देख अपना माथा पीट लिया। रात-दिन की मशक्कत के साथ लागत लगाकर तैयार की गई फसलों की हालत देख किसान सकते में आ गए। बरियारपुर (परसहर) और बरुआ कालिंजर गांव के सैकड़ों किसानों ने इकट्ठा होकर मुआवजे की मांग को लेकर बरियारपुर गांव में बांदा-कालिंजर मुख्य मार्ग पर रोड जाम कर दिया। सड़क जाम करने की सूचना मिलने पर कालिंजर थाना प्रभारी, तहसीलदार लखन लाल सिंह राजपूत और नायब तहसीलदार हेमंत पटेल मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से बात की। साथ ही उन्हें नुकसान का मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

### विधायक ने डीएम को लिखा पत्र

विधायक ओममणि वर्मा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर ओलावृष्टि से हुए किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में बताया है कि कालिंजर व करतल क्षेत्र के तमाम गांव में 12 फरवरी को रात में हुई ओलावृष्टि से 70 फ़ीसदी से अधिक फसलों का नुकसान हुआ है। विधायक ने इसका सर्वे कराकर किसानों को दैवी आपदा से आर्थिक मदद देने की मांग की है।



# बच्चों ने दिखाई देश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक

संवाददाता, बबेरू (बांदा)

**अमृत विचारः** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंठा के वार्षिकोत्सव व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुतियों में जमकर धमाल मचाया। लोकगीत और सामूहिक नृत्य के माध्यम से देश की विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक दिखाई। कव्वाली, होली गीत और भजन प्रस्तुत करते हुए छात्र-छात्राओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन पर बच्चों व शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ब्लाक क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंठा में मंगलवार को आयोजित वार्षिकोत्सव व अभिभावक गोष्ठी का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुकदेव प्रसाद ने किया। छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह, दहेज, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, अनपढ़ बीवी समेत स्वच्छता पर आधारिते नाटकों के अलावा स्वागत गीत, एकल गीत, भाव नृत्य, सामूहिक नृत्य को देख दर्शक भाव विभेर हो उठे। अंशू, मधू, रोशनी, लक्ष्मी, प्रांशी, अंजली, पूजा, नेहा, अंजना, रीता, आरती, अंतिमा, उमा, सोना आदि ने सामूहिक गीत, नाटक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की। इस मौके प्रधानाध्यापक उमेश कुमार व भूपेंद्र, बोधराज यादव, सुरेश द्विवेदी, कहैन्यालाल, रविकरन सैनी, दिलीप सिंह, श्रीधर गुप्ता, अब्दुल अजीज, रामचंद्र, अनिल कुमार, मिट्ठू लाल, ज्योति वर्मा, गीता, रतना, प्रीती, सावन भारतीय सहित प्रधानाध्यापक व शिक्षक समेत तमाम अभिवावक उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

बदौसा (बांदा)

**अमृत विचार :** बाइक सवार युवक झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा निवासी अनिल कोटार्य (24) पुत्र बाबूलाल बदौसा के फतेहगंज तिराहे में स्थित चुन्नू बक्सा वाले के यहां बक्सा एवं टंकी बनाने का कार्य करता था। सोमवार को दुकान मालिक चुन्नू की बाइक लेकर वह अतर्रा थाना क्षेत्र के खम्हौरा गांव एक निमंत्रण में गया था। रात को निमंत्रण में शामिल होने के बाद जब वह वापस बदौसा आ रहा था, तभी थाना के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक घुस गई। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनिल को उठाकर नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि अनिल दो भाइयों में छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 4.7 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम हो रहा है। इसी क्रम में सोमवार की शाम को बांदा पुलिस ने थाना बबेरू क्षेत्र के ग्राम हरदौली के रहने वाले गैंगस्टर एक्ट के दो और अभियुक्तों की अवैध रुप से अर्जित 4.7 लाख रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया। अभियुक्तों के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की के लिए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट दी गई थी।

थाना बबेरू क्षेत्र के ग्राम हरदौली के रहने वाले अभियुक्त कमालुद्दीन उर्फ राजू पुत्र जलालुद्दीन व शमसाद पुत्र रमजान द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 4.7 लाख रुपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क कर लिया गया। गौरतलब हो अभियुक्त कमालुद्दीन उर्फ राजू व शमसाद पुत्र रमजान द्वारा गिरोह बनाकर लगातार आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप सम्पत्ति का अर्जन किया जा रहा था। दोनों अभियुक्तों के ऊपर हत्या के प्रयास, गोवध समेत आर्म्स एक्ट के अभियोग थाना बबेरु में पंजीकृत हैं।

### अभियुक्तों की ये संपत्ति जब्त हुई

अभियुक्त कमालुद्दीन उर्फ राजू पुत्र जलालुद्दीन निवासी हरदौली की जब्त सम्पत्ति में तकरीबन 20 हजार रुपये कीमत की एक मोटरसाइकिल तथा अभियुक्त शमशाद पुत्र रमजान की गई संपत्ति में तकरीबन 4 .5 लाख रुपये कीमत का ट्रैक्टर शामिल है।

### बबेरू थाना में दर्ज हैं मुकदमे

अभियुक्त कमालुद्दीन उर्फ राजू पुत्र जलालुद्दीन के खिलाफ थाना बबेरू में उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986, धारा 307/120बी आईपीसी व 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट और अभियुक्त शमसाद पुत्र रमजान के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986, धारा 307/120बी आईपीसी व 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे पंजीकृत हैं।

## सार-संक्षेप

### 20 को आईटीआई परिसर में लगेगा प्लेसमेंट मेला

**बांदा :** जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (महिला एवं पुरुष) को सूचित किया गया है कि 20 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में प्लेसमेंट मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिष्ठित कम्पनी प्रातः 10 बजे आ रही है। जिसमें तकरीबन 250 प्रशिक्षार्थियों को चयन किया जायेगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 28 वर्ष हो, वे प्लेसमेंट मेले में प्रतिभाग कर सकते है। मेले की प्रक्रिया कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सम्पन्न होगी। साक्षात्कार के लिए बायोडाटा समेत 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधारकार्ड, शैक्षणिक/तकनीकी अभिलेख एवं दस्तावेजों की छायाप्रति जरूर साथ लेकर आयें।

### प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** सरकारी एंबुलेस में नॉर्मल डिलेवरी होने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे तत्काल जिला महिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घर वालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी संगीता (35) पत्नी रामइच्छा सोमवार की सुबह प्रसव पीड़ा से परेशान थी। घर वाले 102 एंबुलेस से उसे जिला महिला अस्पताल ला रहे थे, तभी खुरहंड के पास संगीता की प्रसव पीड़ा असह्यनीय होने लगी। एंबुलेस चालक ने सड़क किनारे वाहन को खड़ा कर नॉर्मल डिलेवरी कराई। संगीता ने पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद जब संगीता को जिला महिला अस्पताल लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### बच्चों को पीटा फिर जहर खाकर कर ली खुदकुशी

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** नशे में बच्चों की पिटाई करने के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के देवरार गांव निवासी कुलदीप (32) पुत्र बच्चा सोमवार की दोपहर नशे की हालत में घर आया। उसने पहले अपने बच्चों की पिटाई की और इसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी संतना को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी नरैनी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताकर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घर वालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई।

### 141 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**बबेरू :** विकास खण्ड परिसर, बबेरु में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 384 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। इसके सापेक्ष 141 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को चयन पत्र/ऑफर लेटर वितरण किया गया। रोजगार मेले में ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल, खण्ड विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बबेरू, जिला समन्वयक प्रदीप अग्निहोत्री, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कौशल प्रबन्धक एवं सीएम फेलो विकासखण्ड बबेरु रोजगार मेले में उपस्थित रहे।

### टूट रही आस, नहीं मिला न्याय

**बांदा, अमृत विचार :** दबंगों के अपनी ही जमीन पर बना रास्ता रोक देने से पीड़ित विगत एक सप्ताह से अशोक की लॉट के नीचे न्याय पाने को अनशन पर डटे हैं, लेकिन प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली। अनशन में बैठे चंद्रपाल पुत्र श्रीकेशन, प्रीतम प्रताप पुत्र सदाशिव, राकेश पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम बनसखा थाना गिरवां का कहना है कि इससे पहले वे करीब तीन माह पहले भी न्याय की आस में अनशन पर बैठे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें न्याय का भरोसा दिलाकर अनशन खत्म करा दिया था। यदि उनकी समस्या का जल्द निपटारा नहीं कराया जाता तो वे आगे का कदम उठाएंगे।



अनशन पर बैठे पीड़ित। अमृत विचार

**आयोजन** | शक्ति वंदन अभियान में योजनाओं की दी गई जानकारी, जिला संयोजक की अगुवाई में आयोजित हुआ समारोह

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुईं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जिले भर में शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में नरैनी ब्लॉक परिसर में सांसद, क्षेत्रीय विधायक व ब्लाक प्रमुख ने महिलाओं और किसानों को सम्मानित किया, जबकि शहर के अवस्थी पार्क में अभियान जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष की अगुवाई में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित आयुष्मान योजना, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्जवला योजना, पीएम मातृवंदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, असंगठित समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में मंगलवार को अवस्थी पार्क में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह की पांच सैकड़ा से ज्यादा महिलाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की।

इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की 50 महिलाओं को प्रमाण पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। 10 वर्ष पहले महिलाएं अपने घर से बाहर निकलने में भी अपने आपको असहज महसूस करती थी। उनका मान सम्मान सुरक्षित नहीं रहता था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा सरकार बनी तो महिलाओं के सम्मान के लिए पूरे देश में करोड़ो शौचालय का निर्माण कराया गया। चूल्हे पर खाना पकाने वाली महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिए और घर-घर बिजली पहुंचाने का कार्य किया।

साथ ही हर घर नल योजना के अन्तर्गत घर-घर शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं स्वयं सहायता समूह गठन, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विद्युत सखी आदि की जानकारी दी। के बारें में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि डबल इंजन की सरकार महिलाओं के सम्मान व उनके आर्थिक उत्थान के लिए तत्पर है। इसलिए सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं में महिला को ही परिवार का मुखिया बनाया गया है।



महिला को सम्मान पत्र प्रदान करते डॉ .धर्मेंद्र त्रिपाठी।

### मातृ शक्तियों को वितरित किए गए सम्मान पत्र

नरैनी ब्लाक परिसर में शक्ति वंदन अभियान व कृषि मेला में सांसद आरके सिंह पटेल, क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा और ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल ने मातृशक्तियों को शक्ति वंदन सम्मान पत्र एवं किसानों को किसान सम्मान निधि के स्वीकृति पत्र वितरित किए। सांसद ने कहा कि विश्व पटल पर भारत बड़ी अर्थव्यवस्था संपन्न देशों की श्रेणी प्राप्त कर चुका है। विधायक ने कहा कि महिलाएं चंद्रयान अभियान में अहम भूमिका निभाने से लेकर पीएम जन धन खाता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाओं द्वारा आत्मनिर्भरता एवं सम्मान प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी सौरभ कुमार, एनआरएलएम के अधिकारी, एनजीओ और समूह की महिलाएं व क्षेत्रीय किसान सम्मिलित हुए।

## एक नजर

### मारपीट कर 15 हजार रुपये छीने

**जालौन।** मोहल्ला तोपखाना निवासी हिमांशु पुत्र भाई लाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका रेहान पुत्र इरशाद निवासी सहाब नाका से पिछले 10-15 दिन पहले क्रिकेट मैच को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसी की रंजिश मानते हुए रेहान ने मंगलवार को रास्ते में रोक कर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं वह उत्सवों में वीडियोग्राफी का कार्य करता है। आज वह एक शादी समारोह की बुकिंग के 15000 रुपये लेकर स्टूडियो पर देने जा रहा था तभी रास्ते में रेहान ने अपने तीन-चार साथियों के साथ रोककर उसकी बेल्टों से मारपीट कर दी और 15000 रुपए छीन लिए पुलिस ने पीड़ित की शिकायत को लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रास्ता अवरुद्ध करने से रोका तो घर में घुसकर पीटा

**जालौन।** जगनेबा निवासी शिव प्रताप सिंह पुत्र विश्राम सिंह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही देवदत्त, बाबू सिंह, राजेश किराए की जेसीबी मशीन को लेकर मेरे घर के तरफ जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध कर रहे थे जब हमने रास्ता बंद करने से उन्हें मना किया तो उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए मुझे दौड़ा लिया, मैं भाग कर अपने घर के अंदर घुस गया तो उक्त लोगों ने मेरे घर में घुसकर मेरे साथ मारपीट कर दी बचाने आए मेरे भाई महेंद्र सिंह को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# 14 केंद्रों पर दो पालियों में होगी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## डीएम व एसपी ने 17 एवं 18 को होने वाली भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर की बैठक

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी नागरिक सीधी भर्ती परीक्षा 17 एवं 18 फरवरी को आयोजित होनी है। परीक्षा 14 केंद्रों पर दो पालियों में होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिये जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक लेते डीएम व एसपी तथा अन्य अधिकारीगण।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 6816 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए केंद्रों पर मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक पुलिस नियुक्त किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें नियुक्त संबंधित अधिकारी द्वारा अनवरत निगरानी करेंगे।

उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी को दी गई बुकलेट का भली भांति अध्ययन कर लें जिससे किसी भी प्रकार की भ्रांतियां न रहें।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। अधिकारी व कर्मचारी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन न ले जाएं, यह सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पाठ्य सामग्री, (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्योमेट्री बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबिल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, जैसे मोबाइल फोन, कैमरा, किसी भी प्रकार की घड़ी, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, एयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, बटुआ, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है। किसी भी अभ्यर्थी को उक्त सामग्री उपकरण परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार के अंदर न ले जाने दिया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए केंद्रों के 100 मीटर के आसपास किसी प्रकार की फोटो कॉपी या बुक सेंटर न होने पाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, थाना अध्यक्ष व केंद्र व्यवस्थापक आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकारों की समस्याओं को हल कराएं

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मान्यता प्राप्त पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई।

एसोसिएशन के अध्यक्ष केपी. सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सचिव सुनील शर्मा, सुधीर त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी आदि ने जिलाधिकारी को भेंट की और उन्हें मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि राज्य सरकार के लखनऊ, दिल्ली एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रियायती किराये पर अस्थाई कक्ष देने में भेदभाव किया जाने लगा है। इससे पूर्व ऐसा नहीं होता था। अस्तु राज्य सम्पत्ति अधिकारी को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए जाए। राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को राज्य परिवहन निगम की बसों में 5 हजार किलोमीटर तक की निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है जबकि जिला स्तरीय पत्रकारों को मात्र 2500 किलोमीटर की यात्रा की सुविधा उपलब्ध है। चिकित्सा बीमा का दायरा 5 लाख से बढ़ा कर 25 लाख रुपये करें।


गौशाला की समस्या को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते ग्रामीण।

# बुंदेली सेना ने बयां की गोवंशों की दुर्दशा

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** बुंदेली सेना (अराजनैतिक) ने मंगलवार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से मिल कर गायों की दुर्दशा से अवगत कराया और उनसे मामले में हस्तक्षेप कर सुधार की मांग की।

संगठन के जिलाध्यक्ष शिवम चौहान (सोनू नादई) के नेतृत्व में मंगलवार को पुष्पेंद्र सिंह, श्यामसिंह, श्रीधर सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, कुलदीप राठौर, टिंकू आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि महेवा विकासखंड के ग्राम खड़गुई मुस्तकिल की गौशाला के संचालन में अनियमितता बरती जा रही है। गौशाला में गोवंशों की मृत्यु की सूचना पर 4 फरवरी को खंड विकास अधिकारी, पंचायत सेक्रेटरी मौके पर गये थे। ग्राम प्रधान को चेतावनी भी दी गयी थी।

इसके बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा गोवंशों को पर्याप्त भोजन नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि भोजन की कमी से गोवंश तड़प तड़प कर मर रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि छोटे गोवंशों के मरने पर उन्हें कुत्तों को खाने के लिए डाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में इसकी लिखित शिकायत उप जिलाधिकारी कालपी से भी की गयी थी। ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए गौशाला में सुधार की मांग उठाई है।

# श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता से लें सीख

संवाददाता, माधौगढ़,उरई

**अमृत विचार।** माधौगढ नगर पंचायत के नवीन गल्ला मंडी परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथा व्यास ने श्री कृष्ण और उनके सखा सुदामा की मित्रता से सीख लेने को कहा।

उन्होंने बताया कि जब सुदामा, श्री कृष्ण के पास द्वारिका गये तो कृष्ण अपने बाल सखा के आगमन की बात सुनते ही दौड़ पड़े और अपने मित्र को गले से लगा लिया। बचपन की मित्रता भावुक हो उठी। द्वारिकाधीश ने अपने आंसुओं से सुदामा के चरणों को धोया। अंत में भगवताचार्य विष्णु स्वामी महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने


कथा कहते कथावाचक आचार्य विष्णु। अमृत विचार

गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। इस अवसर परीक्षित बाबूराम शिवहरे, गनेशी देवी, मुन्ना शिवहरे, अनिल कुमार शिवहरे, मनोज शिवहरे, राजेश शिवहरे, संतोष शिवहरे, राहुल रहे।

# 118 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**उरई।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति ने बताया कि इस समय उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित वर्ष-2024 की मुंशी/मौलवी, आलिम, कामिल एवं फाजिल की परीक्षायें चल रही हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में उक्त परीक्षा से सम्बन्धित दो परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इसमें बालिकाओं के लिये आर्य कन्या इण्टर कॉलेज, उरई तथा बालकों के लिये जनता विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, उरई को केन्द्र बनाया गया है। प्रथम पाली में मुंशी/मौलवी की परीक्षा में कुल 205 परीक्षार्थियों में से 152 उपस्थित तथा 53 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में आलिम कामिल एवं फाजिल में कुल 366 परीक्षार्थियों में से 301 उपस्थित तथा 65अनुपस्थित रहे।

# फर्जी बैनामा कांड: जांच का दायरा बढ़ाया

संवाददाता, कालपी

- पुलिस ने आरोपियों के अपनों को भी निशाने पर लिया
- मुख्य आरोपी का एक रिश्तेदार गिरफ्तार

**अमृत विचार।** फर्जी बैनामा कांड की जांच अभी बन्द नही हुई है बल्कि इसका दायरा और बढ गया है। पुलिस ने अब घटना के आरोपितों के उन रिश्तेदारो को निशाने पर ले लिया है जिन पर काण्ड की धनराशि खपाने का शक है और इसी के चलते मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी के एक रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने काण्ड से अर्जित धन से जमीन खरीदी है।

मालूम हो कि गत 28 अगस्त को तहसील क्षेत्र के छौक गाँव निवासिनी विद्या देवी की हाईवे किनारे स्थित बेशकीमती जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा हो गया था। इसकी जानकारी भूस्वामिनी को सितम्बर माह में हुई थी और उसने इस गड़बड़झाले की शिकायत समाधान दिवस में की थी। मामला सुर्खियों में आया तो कार्रवाई से बचने के लिए जमीन के खरीददार भी सक्रिय हो गए थे और आनन फानन मामले में संलिप्त रजिस्ट्री कार्यालय और राजस्व विभाग से मिलकर बैनामा कैंसिल करा लिया। साथ ही धोखाधड़ी कर धन हडपने का आरोप लगाकर जमीन के खरीददार कोमल सिंह यादव की तहरीर पर संदीप ठाकुर समेत आधा दर्जन नामजद तथा लगभग एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज करा दिया था।

पुलिस ने जांच शुरू की तो जद में बैंक अधिकारी, कर्मचारियों, आधार कार्ड बनाने वाले, फर्जी विद्या देवी समेत लगभग 13 लोग आ गए। इनके खिलाफ पुलिस ने आरोपपत्र भी दाखिल कर दिया था हालांकि पुलिस की पकड़ से बाहर रहे आरोपितो के खिलाफ जाँच जारी थी। इसके बाद मामला ठंडा पड़ता चला गया। अब यह मामला फिर सुर्खियो में आ गया है। अभी कुछ दिनों पूर्व पुलिस ने पहले पकडकर छोडे गए नामजद राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद पुलिस ने नामजद आरोपी रामसिंह के भाई और नगर के एक स्टांप वैन्डर तथा मुख्य आरोपी के रिश्तेदार को भी हिरासत में लिया था और कई दिनों तक पूछताछ के बाद दो को तो छोड़ दिया था लेकिन मामले में संलिप्ता पाये जाने पर मंगलवार को मुख्य आरोपी के रिश्तेदार दिनेश सिंह निवासी सरसेला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों की माने तो उसके कब्जे से एक लाख बीस हजार रुपए भी बरामद हुए हैं। उस पर आरोप है कि उसने फर्जी बैनामा काण्ड से अर्जित धन से अपनी पत्नी के नाम जमीन खरीदी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया मामले के अभी कई किरदार बाकी है जिनकी संलिप्तता के सबूत तलाशे जा रहे हैं।

### जांच की दिशा सही रही तो हो सकते हैं चौकाने वाले खुलासे

सूत्रो की माने तो फर्जी बैनामा कांड की जांच से आला अफसर सन्तुष्ट नहीं है। इसलिए इस मामले की नये सिरे से जांच शुरू हुई है। इसके परिणाम भी सामने आने शुरू हो गए हैं। हालांकि अभी यह कार्रवाई काफी नहीं है। इस मामले में अभी एक अहम किरदार के नजदीकियों की भूमिका भी सन्देह के दायरे में है।

# शिविर में वृद्धों को बताए गए उनके अधिकार

संवाददाता, उरई(जालौन)।

**अमृत विचार।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तहसील उरई के अन्तर्गत राठ रोड स्थित वृद्धाश्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण व कल्याण योजनाएं एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, पशु क्रुरता से संरक्षण अधिनियम विषय की जनकारी देने के लिए शिविर लगाया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण व भरण पोषण अधिनियम तथा ट्रेन व रोडवेज बस में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओंके बारे में बताया। महिलाओं को पुरुषों के समान पारिश्रमिक प्राप्त करने, लैंगिक समानता, सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार, मताधिकार, विधवा व निराश्रित महिलाओं तथा यौन-शोषण व घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के हित में चलायी जा रही योजनाओं और महिला अधिकारों के संरक्षण एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। तहसीलदार शेरबहादुर सिंह द्वारा बताया गया कि पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम संपत्ति व जानवरों की देखभाल और रखरखावद्ध नियम 2017 को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत स्थापित किया गया है। अधिनियम के तहत न्यायाधीश को मुकदमे का सामना कर रहे किसी व्यक्ति के मवेशियों को जब्त करने की अनुमति देता हैं। स्थायी लोकअदालत के सदस्य रामबाबू निषाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिमोहन सिंह, स्वास्थ्य डा. विष्णु, कमलेश स्वर्णकार, नितेन्द्र कुमार रहे।

# भाजपा में आए दूसरे दलों के नेता

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने कालपी विधानसभा स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान केन्द्रीय उद्योग राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा और जनपद प्रभारी कैबिनेट मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर दलों के पांच सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी का पार्टी नेताओं ने सम्मान किया। उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराया।

ठक्कर बापा इंटर कालेज कालपी के प्रेम सरोवर सभागार में भाजपा के जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ पहुंचकर तथा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के


कार्यकर्ता का सम्मान करतीं पार्टी अध्यक्ष। अमृत विचार

द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से 500 साल की तमन्ना पूरी हुई है। अयोध्या में प्रभु राम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भारत के अलावा पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान किया जा रहा है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के लिए सभी लोग पूरी ताकत से जुट जाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने भाजपा में शामिल होने वाले नए कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया। कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करना है। पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन में कालपी विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में शामिल होने वाले पांच सैकड़ा कार्यकर्ताओं की सूची को प्रस्तुत किया। अरुण मल्होत्रा, अशोक बाजपेई, भारत सिंह यादव, हरगोविंद सिंह, अरुण शुक्ला, संतोष प्रजापति रहे।

# बेसिक लाइफ सपोर्ट का दिया गया प्रशिक्षण

**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, होमगाड्र्स व पीआरडी के जवानों ने अभियान चलाया। इस कार्य में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं ने भी सहयोग किया। इसी कड़ी में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन उरई में किया गया। इसमें सड़क हादसों में कमी लाने के लिए बेसिक लाइफ सपोर्ट से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण देने का कार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के प्रो. डा. अरुण के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि दुघर्टना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाएं।

## सार-संक्षेप


पूजा शुक्ला को सम्मानित करते मंत्री धर्मवीर सिंह। अमृत विचार

### कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बांटे प्रमाण पत्र

कुठौंद जालौन : भाजपा महिला नेत्री पूजा शुक्ला की अध्यक्षता में नारी बंधन कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होमगार्ड कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने समूह की महिलाओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया। थानाध्यक्ष संजय गुप्ता, बीडीओ गजेन्द्र सिंह, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष रूद्ध प्रताप सिंह, जिला मंत्री विवेक कुशवाहा, नीरज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमिय त्रिपाठी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित नीखरा, अमिय पाण्डेय, वरूण शुक्ला, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीना शुक्ला महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति विश्वकर्मा, आरती, संगीता उपस्थित रहीं।

### यलो हाउस ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

**कालपी, उरई।** नगर के लंगरपुर स्थित फातिमा माता सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल की यलो हाउस टीम ने चैम्पियन ट्राफी पर कब्जा जमाया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार की सुबह नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था फातिमा माता स्कूल में ग्राम प्रधान पवनदीप निषाद व प्रधानाचार्य फादर जय मारिया बयानी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस दौरान 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड व रनिंग दौड, रस्सी कस्सी के अलावा तमाम खेल बच्चों ने खेले। इसके अलावा वर्ष भर स्पीच, किक्रेट, बालीबाल, फुटबाल, खो खो के अलावा डान्स आदि तमाम प्रतियोगिताओं में यलो हाउस, रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस के बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय की तमाम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली यलों टीम के ऋषि सर को चैम्पियन ट्रॉफी मिली तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रेड हाउस टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व ग्रीन हाउस तीसरे स्थान पर रहा। ब्लू हाउस चौथे स्थान पर रही। प्रधान पवनदीप निषाद व ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा विजयी हुई टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान फादर जय मरिया बियानी, उप प्रधानाचार्य शशि मैम, महिपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

### मॉडल प्रतियोगिता में सिद्धांत को प्रथम स्थान

**कालपी उरई।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सदर बाजार कालपी के दशम के छात्र सिद्धांत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ कालपी का वरन जिला जालौन का मान बढ़ाया। बताते चलें कि यह प्रतियोगिता झांसी के राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित हुई थी जिसमें झांसी चित्रकूट मंडल के भैया बहनों ने प्रतिभाग किया। इसमें सिद्धांत के द्वारा बनाया गया सोलर सिस्टम यंत्र को प्रथम स्थान दिया गया। आए हुए वैज्ञानिकों ने सिद्धांत की प्रशंसा की और आगामी मई में होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में आने का निमंत्रण दिया। सिद्धांत के पिता मनोज प्रजापति उसकी इस सफलता से बहुत खुश है। विद्या भारती द्वारा आयोजित विज्ञान की प्रतियोगिताओं में सिद्धांत का प्रांतीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। विद्यालय के प्रबंधक हरिभूषण सिंह चौहान एवं प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडे, अध्यक्ष रमेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लल्लूराम गुप्ता ने सिद्धांत के माता-पिता का स्वागत करते हुये बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सियासत | प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने दी जानकारी, कहा रोड मैप तैयार

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ 21 को राहुल गांधी आएंगे शहर

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 जनवरी को शाम को 6 बजे जिले में प्रवेश करेगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जनपद जालौन के प्रभारी राहुल रिछारिया जी ने मंगलवार को पार्टीजनों की एक बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि अंबेडकर चौराहे पर उनकी जनसभा होगी। इसके बाद जेल रोड होकर कोंच बस स्टैंड, उमरार खेड़ा, रिनिया होते हुए झांसी के लिए प्रस्थान करेगी। रात्रि विश्राम उरई में ही होगा।


कांग्रेस कार्यालय में बैठक करते कांग्रेसी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि यात्रा का रोड मैप तैयार है। यात्रा कालपी, जोल्हुपुर, ऊसरगांव, आटा टोल टैक्स, गोविंद ढाबा, इंडस्ट्रियल एरिया, सरदार पटेल प्रतिमा से अंबेडकर चौराहे जेल रोड कोंच बस स्टैंड झांसी चुंगी उमरार खेरा रनियां होते हुए झांसी के लिए रवाना होगी। इसी तरीके से कालपी से उरई तक बैनर, झंडा, पतलैया, तिरंगे झंडे आदि की व्यवस्था की गई है। गाड़ियों का काफिला जो उनके साथ झांसी दतिया मध्य प्रदेश तक जाएगा। पूर्व सांसद बृजलाल खबरी ने भी लोगों से यात्रा को सफल बनाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. रेहान सिद्दीकी ने की। अनुज, अशोक द्विवेदी, चौधरी श्याम सुंदर, संतोष ठाकुर, राजीव नारायण मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ला, राजकुमार वर्मा, गुड्डू रिजवी, शब्बीर, सिद्धार्थ दीवोलिया, अरविंद सिंह सेंगर, मजहर खान, रिजवी गुलाब, खान अशरफ जावेद, जितेंद्र मिश्रा, राजेश बुधौलिया, मेराज सिद्दीकी, मोहम्मद फैजान उल हक, कमलेश उदेनिया, अमित, अशरफ जावेद, हाजी ख्वाजा बख्श मंसूरी, योगेंद्र सिंह रहे।

### कार्यकर्ताओं ने शुरू की तैयारियां

**उरई(जालौन)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फरवरी को जनपद जालौन के मुख्यालय उरई आयेगी जिसके स्वागत की तैयारियां भी कार्यकर्ताओं ने शुरू कर दी है। प्रमोद राजपूत, संतराम वर्मा, चौधरी कयूम खान, कप्तान सिंह, भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार, धर्मेंद्र, वीरेंद्र कुमार अहिरवार, आशाराम अहिरवार आदि ने भारत जोडो न्याय यात्रा के जनपद में आने की सूचना पर खुशी जताई और कहा कि यात्रा के स्वागत की तैयारी जोरदारी के साथ शुरू कर दी गई हैं। उधर भारती चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार ने दावा किया कि यात्रा के स्वागत में सैकडों की संख्या चमार महासभा के लोग उनके नेतृत्व में शामिल रहेंगे।

